राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Ph.: 0141-2706847 (O).

पत्रांक : CCE/ISDC/Misc./Direction/2022/243 दिनांक : 24 Aug. 2023

प्राचार्य,
राजकीय महाविद्यालय एवं सभी विश्वविद्यालय के संघटक कॉलेज,
राजस्थान।

विषय : राजस्थान सरकार के अभियान **"राजस्थान मिशन-2030"** के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करवाने के संबंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत में लेख है कि **"राजस्थान मिशन-2030"** विषय पर महाविद्यालयों एवं सभी विश्वविद्यालयों के संघटक कॉलेजों में राजस्थान को देश का अग्रणी राज्य बनाने तथा युवाओं को प्रदेश के सर्वांगीण विकास में सहभागिता के उद्देश्य से प्रश्नोत्तरी एवं **निबंध प्रतियोगिताओं** का आयोजन करवाया जाएगा।

**प्रतियोगिताओं की उपादेयता :**

प्रत्येक राष्ट्र व राज्य का भविष्य युवाओं से जुडा होता है। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं की आवश्यकताओं, आकांक्षाओं को जानने का अवसर प्राप्त होगा तथा प्राप्त सुझावों के आधार पर राज्य को देश में अग्रणी बनाने हेतु नीति निर्माण किया जा सकेगा तथा युवाओं के विचारों से वृहत स्तर पर राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक, औद्योगिक सभी क्षेत्रों के विकास कार्यों में युवाओं की सहभागिता बढेगी।

## निबंध प्रतियोगिता का आयोजन
## (द्विस्तरीय)

### प्रथम स्तर

A. प्रथम स्तर पर इस प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालयवार होगा :

1. प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय स्तर पर इन प्रतियोगिताओं के सुचारू आयोजन हेतु उपलब्ध संकाय सदस्यों को ध्यान में रखते हुए न्यूनतम एक व अधिकतम पांच संकाय सदस्यों की समिति का गठन किया जाएगा।

2. दिनांक 01 सितम्बर 2023 को महाविद्यालय में राजस्थान मिशन-2030 विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कक्षावार किया जाएगा, जिसमें निबंध हेतु शब्द सीमा 300 तथा समयावधि 45 मिनट रहेगी।
3. दिनांक 02 सितम्बर 2023 को महाविद्यालय में कक्षावार प्रथम तीन विजेताओं के मध्य पुनः राजस्थान मिशन-2030 विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें निबंध हेतु शब्द सीमा 450 तथा समयावधि 60 मिनट रहेगी। इनमें से सर्वश्रेष्ठ निबंध का चयन प्राचार्य तथा आयोजन समिति द्वारा किया जाएगा।
4. प्रत्येक महाविद्यालय में सर्वश्रेष्ठ निबंध को **राज्य सरकार द्वारा पुरस्कार** दिया जाएगा तथा कक्षावार प्रथम तीन विजेताओं को प्राचार्य द्वारा प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे।
5. प्राचार्यगण अधिक से अधिक इस प्रतियोगिता का व्यापक प्रचार प्रसार करें ताकि अधिकाधिक विद्यार्थी इस प्रतियोगिता से लाभान्वित हो सके।

## द्वितीय स्तर

B. द्वितीय स्तर पर इस प्रतियोगिता का आयोजन जिलेवार होगा :

1. द्वितीय स्तर पर सभी जिला मुख्यालयों के नोडल कॉलेजों में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन 11-12 सितम्बर 2023 के मध्य किया जाएगा तथा प्राचार्य द्वारा जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता के आयोजन हेतु पांच सदस्यीय समिति का गठन किया जाएगा।
2. नोडल महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता हेतु सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायेगी।
3. जिला स्तर पर आयोजन निबंध का विषय राजस्थान मिशन-2030 रहेगा किन्तु शब्द सीमा 600 तक तथा समयावधि 90 मिनट रहेगी।
4. जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले महाविद्यालय स्तर के विजेता प्रतिभागियों के साथ यदि आवश्यक हो तो प्राचार्य किसी एक संकाय सदस्य को नामित कर विद्यार्थी के साथ भेज सकते है तथा छात्रा विद्यार्थी होने पर किसी महिला संकाय सदस्य को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु साथ भेजा जाए।

5. जिला स्तरीय प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के संघटक कॉलेजों के विजेता प्रतिभागियों की प्रतियोगिता एक साथ आयोजित की जायेगी तथा उन सभी में सर्वश्रेष्ठ निबंध (प्रथम विजेता) को **राज्य सरकार द्वारा पुरस्कार** दिया जाएगा।
6. जिला स्तर पर आयोजित होने वाली निबंध प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में तीन कार्यरत प्राचार्य होंगे जिनमें जिला नोडल कॉलेज का प्राचार्य संयोजक तथा स्थानीय/ समीप के राजकीय महाविद्यालयों के दो प्राचार्यगण इस समिति के सदस्य होंगे।

## निबंध प्रतियोगिता

### (कार्यक्रम रूपरेखा)

### महाविद्यालय स्तर पर

| क्र. सं. | दिनांक | प्रतियोगिता का विषय एवं प्रारूप | आयोजक महाविद्यालय/ प्रतिभागी | पुरस्कार |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 01 सितम्बर 2023 | राजस्थान मिशन-2030 निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कक्षावार किया जाएगा जिसमें शब्द सीमा 300 तथा समयावधि 45 मिनट | सभी राजकीय महाविद्यालय व सभी विश्वविद्यालयों के संघटक कॉलेजों के नियमित विद्यार्थी | कक्षावार प्रथम तीन विजेताओं को प्राचार्य द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। |
| 2. | 02 सितम्बर 2023 | राजस्थान मिशन-2030 निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कक्षावार प्रथम तीन विजेताओं के मध्य किया जाएगा जिसमें शब्द सीमा 450 तथा समयावधि 60 मिनट | सभी राजकीय महाविद्यालय व सभी विश्वविद्यालयों के संघटक कॉलेजों के नियमित विद्यार्थी | महाविद्यालय के सर्वश्रेष्ठ निबंध (प्रथम विजेता) को **राज्य सरकार द्वारा पुरस्कार** दिया जाएगा। |

जिला स्तर

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3. | 11-12 सितम्बर 2023 | राजस्थान मिशन-2030 शब्द सीमा- 600 तथा समयावधि 90 मिनट | A. प्रत्येक जिले का नोडल कॉलेज (संलग्न सूचीनुसार)<br>B. जिले के सभी राजकीय महाविद्यालय व विश्वविद्यालय के संघटक कॉलेजों के सर्वश्रेष्ठ निबंध (प्रथम विजेता विद्यार्थियों) के मध्य | जिला स्तर पर प्रथम सर्वश्रेष्ठ निबंध विजेता को **राज्य सरकार द्वारा पुरस्कार दिया** जाएगा |

**उक्त कार्यक्रम से पूर्व आमुखीकरण कार्यक्रम निम्नानुसार रहेगा :-**

**आमुखीकरण हेतु- प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता :**

राजस्थान मिशन-2030 के आमुखीकरण हेतु प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता दो चरणों में होगी, प्रथम चरण का आयोजन-

28 अगस्त 2023 को प्रातः 10 से 11 बजे तक कक्षावार आयोजित होगा जिसमें सभी नियमित विद्यार्थी प्रतिभागी होंगे। इसमें राजस्थान मिशन-2030 से संबंधित 50 प्रश्न होंगे।

द्वितीय चरण का आयोजन-

28 अगस्त 2023 को अपराह्न 12 से 1 बजे तक कक्षावार प्रथम तीन विजेताओं के मध्य पुनः प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रश्नों की पुनरावृति नहीं की जाएगी। द्वितीय चरण के प्रथम तीन विजेताओं को प्राचार्य द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया जाएगा।

**प्रतियोगिता की रिपोर्टिंग हेतु निर्देश :**

महाविद्यालय तथा जिला स्तर पर आयोजित होने वाली सभी गतिविधियों (परामर्श, निबंध एवं प्रश्नोत्तरी) के फोटोग्राफ्स और विडियो राजस्थान मिशन-2030 अभियान हेतु बने

व्हाट्सएप्प ग्रुप **Rajasthan Mission-2030** पर भेजें तथा आयोजित गतिविधियों से संबंधित सभी सूचनाएं, सुझावों को स्प्रैडरशीट **Govt. Colleges Mission-2030** में भरकर भिजवाएं। विश्वविद्यालय के संघटक कॉलेज समस्त सूचनाएं विभाग द्वारा जारी स्प्रैडशीट **State University Mission-2030** में भरकर भिजवाना सुनिश्चित करेंगे तथा फोटोग्राफ्स और विडियो उच्च शिक्षा (ग्रुप-4) की ई-मेल आई डी **jshegr4@gmail.com** पर प्रेषित करें।

सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि-

1. प्रतियोगिताओं के आयोजन से संबंधित समस्त व्यय विकास समिति या छात्रनिधि कोष से किया जाना है, जिसकी अनुमति प्रदान की जाती है।
2. अधिकाधिक विद्यार्थियों की सहभागिता हेतु सोशल मीडिया, व्हाट्सएप्प ग्रुप, समाचार पत्र तथा महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर सूचना प्रेषित कर विद्यार्थियों तक भिजवाया जाना सुनिश्चित करावें।
3. सभी प्रतियोगिताओं के सुचारू संचालन के लिए प्राचार्य अपने स्तर पर सभी संकाय सदस्यों को नामित करते हुए इन प्रतियोगिताओं का सफल संचालन करवाना सुनिश्चित करें।
4. महाविद्यालय स्तर पर आयोजित किया जाने वाला परामर्श कार्यक्रम, निबंध व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं सभी राजकीय महाविद्यालयों में आयोजित की जाएंगी। इसी क्रम में जिला स्तर पर आयोजित किया जाने वाला कार्यक्रम सभी जिला नोडल कॉलेजों में आयोजित किया जाएगा (संलग्न सूचीनुसार) तथा संभाग स्तर पर किया जाने वाला परामर्श कार्यक्रम संभाग स्तरीय जिला नोडल महाविद्यालय आयोजित करेंगे। (संलग्न सूचीनुसार)

**आयुक्त**
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान

क्रमांकः CCE/ISDC/Misc./Direction/2022/244 दिनांकः 24 Aug. 2023

प्रतिलिपि सूचनार्थः-

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, जयपुर।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, आयोजना, जयपुर।
3. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।

4. निजी सहायक अतिरिक्त आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
5. समस्त संयुक्त निदेशक, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर।
6. संयुक्त निदेशक निजी संस्थाएं, आकाशि को निर्देशानुसार लेख है कि वे निजी संस्थाओं द्वारा प्रतिदिन आयोजन की प्रेषित की जाने वाली वीडियो एवं फोटोग्राफ्स की मॉनिटरिंग करें। इसके लिये उचित निर्देश अपने स्तर से जारी करावें।
7. वैब प्रभारी आयुक्तालय को अपलोड करने हेतु।
8. रक्षित पत्रावली।

सीमा कछावा

संयुक्त निदेशक

अकादमिक, कॉलेज शिक्षा विभाग

## District Nodal College

(जिला स्तरीय परामर्श कार्यक्रम व निबंध प्रतियोगिताएं निम्न जिला नोडल कॉलेजों द्वारा आयोजित की जाएंगी)

| S. No. | District | Name of College |
|---|---|---|
| 1. | Ajmer | Samrat Prithviraj Chauhan Govt. College, Ajmer |
| 2. | Alwar | Babu Shobha Ram Govt. Arts College, Alwar |
| 3. | Anupgarh | Seth Bihari Lal Chhabra Govt College, Anoopgarh |
| 4. | Balotra | Moolchand Bhagwandas Rangwala Govt. P.G. College, Balotra |
| 5. | Banswara | Shri Govind Guru Govt. College, Banswara |
| 6. | Baran | Govt. College, Baran |
| 7. | Barmer | Govt. College, Barmer |
| 8. | Beawar | S. D. Govt. College, Beawar |
| 9. | Bharatpur | M. S. J. Govt. P G College, Bharatpur |
| 10. | Bhilwara | M.L.V. Govt. College, Bhilwara |
| 11. | Bikaner | Govt. Dungar College, Bikaner |
| 12. | Bundi | Govt. College, Bundi |
| 13. | Chittorgarh | Maharana Pratap Govt. PG College, Chittorgarh |
| 14. | Churu | Govt. Lohia College, Churu |
| 15. | Dausa | P.N.K.S. Govt. Pg College, Dausa |
| 16. | Deeg | M.A.J. Govt. College, Deeg |
| 17. | Dholpur | Govt. College, Dholpur |
| 18. | Didwana Kuchaman | Govt. Bangur College, Didwana |
| 19. | Dudu | Govt. College, Dudu |
| 20. | Dungarpur | Govt. College, Dungarpur |
| 21. | Gangapur City | Govt. College, Gangapur City |
| 22. | Hanumangarh | Govt. College, Hanumangarh |
| 23. | Jaipur | Govt. College, Jaipur |
| 24. | Jaipur Rural | Govt. College, Kaladera |
| 25. | Jaisalmer | Govt. College, Jaisalmer |
| 26. | Jalore | Govt. College, Jalore |
| 27. | Jhalawar | Govt. College, Jhalawar |
| 28. | Jhunjhunu | Govt. College, Jhunjhunu |
| 29. | Jodhpur | Govt. College, Jodhpur |
| 30. | Jodhpur Rural | Govt. College, Bhopalgarh |
| 31. | Karauli | Govt. College, Karauli |
| 32. | Kekri | Govt. College, Kekri |
| 33. | Khairthal | Govt. College, Khairthal |
| 34. | Kota | Govt. College, Kota |
| 35. | Kotputli-Behror | LBS Govt. College, Kotputli |
| 36. | Nagaur | Sbrm Govt. College, Nagaur |
| 37. | Neem ka Thana | Seth Nand Kishor Patwari Govt. College, Neemkathana |
| 38. | Pali | Govt. Bangur P.G. College, Pali |

| | | |
|---|---|---|
| 39. | Phalodi | Govt. College, Phalodi |
| 40. | Pratapgarh | Govt. College, Pratapgarh |
| 41. | Rajsamand | Govt. College, Rajsamand |
| 42. | Salumbar | Hada Rani Govt. PG College, Salumber |
| 43. | Sanchore | Govt. College, Raniwara |
| 44. | Sawai Madhopur | Shaheed Captain Ripudaman Singh Rajkiya Mahavidyalaya, Sawai Madhopur |
| 45. | Shahpura | S.P.S.B. Govt College, Shahpura |
| 46. | Sikar | Govt. Girls College, Sikar |
| 47. | Sirohi | Govt. College, Sirohi |
| 48. | Sri Ganganagar | Govt. College, Sri Ganganagar |
| 49. | Tonk | Govt. College, Tonk |
| 50. | Udaipur | Govt. Meera Girls College, Udaipur |

## Division wise Nodal Colleges

(संभाग स्तरीय परामर्श कार्यक्रम निम्न जिला नोडल कॉलेजों द्वारा किया जाएगा)

| S. No. | Division | Name of the College |
|---|---|---|
| 1. | Ajmer | S. P. C. Govt. College, Ajmer |
| 2. | Bharatpur | M. S. J. Govt. P G College, Bharatpur |
| 3. | Bikaner | Govt. Dungar College, Bikaner |
| 4. | Banswara | S. G. G. Govt. College, Banswara |
| 5. | Jaipur | Govt. College, Jaipur |
| 6. | Jodhpur | Govt. College, Jodhpur |
| 7. | Kota | Govt. College, Kota |
| 8. | Pali | Govt. Bangur P.G. College, Pali |
| 9. | Sikar | Govt. Girls College, Sikar |
| 10. | Udaipur | Govt. Meera Girls College, Udaipur |